Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 19-10-2022 अंक 377

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग अमित कुमार को नही मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ



बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत निवासी राजू यादव का पुत्र अमित कुमार एक पैर से विकलांग है। अमित 13 वर्ष का लड़का है जो अपने गांव के सरकारी विद्यालय में कक्षा सातवीं का छात्र है। लेकिन आज तक उसे किसी भी प्रकार का कोई सरकारी लाभ नहीं मिल पा रहा है। भले ही दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार योजनाएं चलाने का दावा कर रही है। लेकिन इनका लाभ उन तक कितना पहुंच रहा है, इस पर गौर करने वाला कोई नहीं है। दिव्यांग को राहत देने के लिए सरकार कृत्रिम अंग, पेंशन वितरण करने के साथ कई योजनाएं चला रही है। मगर इनका लाभ जरूरतमंदों को नही मिल पा रही है। अमित के पिता राजू यादव ने बताया की दिव्यांग प्रमाण पत्र नही होने के कारण आज तक इसे पेंशन भी नही मिल रहा है। उन्होंने कहा की कई बार दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिए लेकिन अब तक बनकर नहीं आया है। 17 अक्टूबर को बरही नगर भवन में दर्जनों दिव्यंगो के बीच उपकरण वितरण किए गए परंतु अमित के पास कागजात नही होने के कारण इसे कोई उपकरण नहीं दिया गया।

### बरकट्ठा में तस्करी के 9 गौवंशीय पशु समेत पिकअप वाहन जब्त



बरकट्ठा थाना के सामने बुधवार अहले सुबह एसआई टीनू कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग की जा रही थी बरही की ओर से तेज गति से आ रही पिकअप वैन पुलिस को देखकर अनियंत्रित हो गयी जवानों द्वारा वाहन की तलाशी के दौरान पिकअप वैन डब्ल्यूबी 39 सी 1928 में क्रूरता पूर्वक 9 गौवंशीय पशु धन को शेरघाटी से बंगाल ले जाया जा रहा था मौके पर चालक तस्लीम खान पिता मो शमीम खान ग्राम नियामतपुर थाना कुल्टी आसनसोल को गिरफ्तार किया गया वही पिकअप से सभी 9 गौवंशीय पशुओं को जब्त किया गया मामले को लेकर बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 182/22 दर्ज किया ।वही बरामद पशुओं को सुरक्षित जिम्मनामा पर ग्रामीणों को दिया गया वही गिरफ्तार चालक तस्लीम को जेल भेज दिया गया ।

### तीन वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

विष्णुगढ़ पुलिस ने बुधवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों में लंबकीटांड़ निवासी सोनाराम मांझी पिता स्व. लेचा मांझी, गाल्होबार निवासी साजिद अंसारी पिता जुमराती अंसारी, दोमुहान निवासी चंदो मांझी पिता स्व. श्यामलाल मांझी शामिल हैं। सभी अभियुक्त अलग-अलग कांड के तहत विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के आरोपी हैं। सभी एक दशक से अधिक समय से फरार चल रहे थे। पुलिस को इनकी अरसे से तलाश थी।

# आई.सी.ए.आर गौरियाकरमा में किसानों को दी गई अनुसंधान कार्यों, नई तकनीकों एवं प्रभेद की जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड गोरिया करमा में चल रहे अनुसंधान कार्यों, नई तकनीकों एवं प्रभेद की जानकारी बड़कागांव चतरा तथा हजारीबाग क्षेत्र के मीनू महतो एवं अन्य प्रगतिशील किसानों को दी गईस किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराते हुए ड० विशाल नाथ, विशेष कार्य अधिकारी ने संस्थान में पपीता तथा मक्का की नई प्रभेद विकसित करने के लिए चल रहे अनुसंधान के बारे में बताया तथा उन्हें इन दोनों फसलों की खेती के द्वारा अच्छे आर्थिक लाभ की संभावना के बारे में बताया गयास उन्होंने किसानों को इस संस्थान में चल रहे अन्य अनुसंधान परियोजनाओं के बारे में भी अवगत कराया तथा उन्हें संस्थान से ज्यादा से ज्यादा



किसानों को जानकारी देते विशालनाथ पांडेय

तकनीकी लाभ प्राप्त करने के लिए संस्थान के संपर्क में रहने की सलाह दीस डॉ संतोष कुमार ने मक्का की खेती के द्वारा किसानों की आमदनी दुगनी होने की बात कही एवं उन्हें झारखंड में फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक पद्धति के द्वारा खेती करने की सलाह दी, जिससे कि किसानों को कम लागत में ज्यादा से ज्यादा पैदावार प्राप्त हो सकेस उन्होंने किसानों को गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का के बारे में अवगत कराया । जिसके प्रोटीन का जैविक मूल्य करीब–करीब दूध के प्रोटीन के बराबर होता है एवं इसमें विटा. मिन ए की मात्रा भी अधिक होती है, जिसके सेवन से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में कुपोषण को दूर किया जा सकता हैस किसानों को विशिष्ट मक्का जैसे कि मीठी मक्का ,शिशु मक्का एवं प०पक०र्न की खेती के में बताते हुए ड०क्टर संतोष कुमार ने किसानों को ज्यादा आर्थिक लाभ प्राप्ति के बारे में बताया एवं उन्हें विशिष्ट मक्का की खेती के लिए प्रोत्साहित कियास

# गौरियाकरमा की महिलाओं ने आई.सी.ए.आर गौरियाकरमा पर लगाया बहादुर डैम छठ घाट का रास्ता बंद व अव्यवस्थित करने का आरोप,

## मुखिया के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं पहुंची छठ घाट, जमकर किया विरोध प्रदर्शन,



मुखिया कुमारी मीरा वा अन्य



छठ घाट में बनाया गया गड्ढा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

गौरियाकर्मा के सैकड़ों लोग वर्षो से जिस गौरियाकरमा बहादुर डैम छठ घाट पर छठ पूजा करते थे। उस छठ घाट को अव्यवस्थित करने का आरोप भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान प्रबंधन पर ग्रामीण महिलाओं ने लगाया है । यह भी आरोप है की जिस रास्ते से श्रद्धालु छठ घाट तक पहुंचते थे, उस रास्ते को ही लोहे की जाली लगाकर बंद कर दिया गया है। इस मामले को लेकर बुधवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं मुखिया कुमारी मीरा के नेतृत्व में बहादुर डैम छठ घाट दूसरे रास्ते से पहुंची। भारतीय कृ षि अनुसंधान संस्थान प्रबंधन पर उनके आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगा कर ग्रामीण महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। मौके पर मुखिया कुमारी मीरा ने बताया कि तीन माह पहले ही लिखित तौर पर आईसीएआर को छठ घाट की उपयोगिता एवम ग्रामीणों की परंपरागत छठ पूजा करने की जानकारी दी गई है। जिसमे संस्थान हेड डॉक्टर विशालनाथ पांडेय ने आश्वस्त किया था की ग्रामीणों को व्यवस्थित कर छठ घाट उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन आ. ईसीएआर ने व्यवस्थित करने के बजाय अलग अलग पोखर बनाकर अव्यवस्थित कर दिया। पूरा डैम को बेतरतीब तरीके से गढ़ा खुदवा दिया गया है। जिससे छठव्रतियों को काफी परेशानी होने वाली है। जिस तरह छठ घाट को अलग अलग भाग में कर दिया गया है। उससे छठ घाट असुरक्षित हो गया है। किसी तरह की अनहोनी घटना घट सकती है। अक्रोशित ग्रामीणों ने चेता. वनी भरे लहजे में कहा की छठ पूजा हमारी आस्था से जुड़ी हुई है। पूर्वजों से हमलोग इसी घाट में छठ पूजा करते आए हैं। कभी किसी तरह का व्यवधान नहीं हुवा और अब आईसीएआर यदि व्यवधान करता है तो हम सब अपने हक और अधिकार के लिए हर तरह की चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। अक्रोशित महिलाओं ने अविलंब छठ घाट को पूर्व की भांति व्यवस्थित एवम छठ घाट तक जाने के लिए पूर्व की भांति रास्ता उपल. ब्ध कराने की मांग की है। इस संदर्भ में संस्थान हेड विशालनाथ पांडेय ने कहा की छठ पूजा में हमारी भी आस्था है। छठ पूजा में किसी तरह की कोई मनाही नही है। बहादुर डैम को फिशरी का रिसर्च सेंटर के तौर पर डेवलप करना है। इस वजह से छोटा छोटा तालाब बनाया जा रहा है। बहादुर डैम को सौंदर्यीकरण एवम जीर्णोधार का काम किया जा रहा है। धीरे धीरे उसे व्यवस्थित भी करा लिया जाएगा। सुरक्षा के दृ ष्टिकोण से जाली लगाया गया है। गेट लगाया गया है। उस गेट से छठव्रती घाट पर जा सकते हैं। किसी को कोई मनाही नही है। आरोप बेबुनियाद है। मौके पर पूर्व मुखिया दुलार यादव, परमेश्वर यादव, संजय राम, मुनेश्वर पांडेय, किशोर चौधरी, दिनेशर यादव, उपेंद्र दास एवं महिलाओं में गुंजरी देवी, अंगीरा देवी, सुमंती देवी, आशा देवी, बसंती देवी, उर्मिला देवी, पम्मी देवी, चमेली देवी, भुलरी देवी, पानो देवी, कौशल्या देवी, झलिया देवी, मीना देवी, सुमंति देवी, यशोदा देवी एवं किरण देवी सहित सैकड़ों अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

समस्याओं को आगे रखने वाली एक मात्र डिजिटल अखबार

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## केदारूत पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 404 लोगो ने दिया आवेदन



दीप प्रज्वलित करते हुए



कार्यक्रम का निरीक्षण करती एसडीओ पूनम कुजूर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम के तहत बुधवार को केदारूत पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ सी.आर. प्रमुख मनोज रजक, इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रति. निधि छट्टू गोप, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, मुखिया सरिता देवी, बरही विधायक प्रति. निधि सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 404 लोगों ने आवेदन जमा किए। वहीं पंचायत भवन के नजदीक खेल मैदान का शिलान्यास किया गया। जिसका निर्माण 239880 रुपए के लागत से किया जाएगा। साथ ही 66 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम का निरीक्षण करने पहुंची एसडीओ पूनम कुजूर ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंसस विकाश सिंह, लिपिक महेंद्र राम, सावंत कुमार, दीपक कुमार सहित सखी महिला मंडल की महिलाएं सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने गौरियाकरमा पंचायत से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का किया शुरुआत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जब से राहुल गांधी ने भारत के दक्षिणी हिस्से से अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर है। बुधवार को बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा पंचायत से कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में कमर तोड़ मंहगाई कर दी है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बेतहाशा बढ़ गये है। केंद्र सरकार की देश विरोधी नीतियों को देखते हुए राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा पूरे देश में चलायी जा रही है। उन्होंने बताया कि झारखंड के 24 जिलों के प्रखंड से पंचायत, पंचायत से गांव तक लोगों को भारत जोड़ो यात्रा से जोड़ा जायेगा। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आजादी के बाद देश में गंगा-जमुनी सभ्यता को कांग्रेस ने वर्षो तक बनाये रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भा. जपा की सरकार आने के बाद से नफरत का वातावरण फैलने लगा है, जिसके कारण देश की अखंडता खतरे में पड़ने लगी है। झूठा सपना दिखाकर केंद्र में सत्तासीन हुई सरकार ने अपना वादा तक नहीं निभाया। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी देश को नये सिरे से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, महेश यादव, अर्जुन यादव, मोहम्मद सिराज, पूर्व मुखिया मनोज कुशवाहा, मोहम्मद हकीम, मोहम्मद कयूम, पम्मी देवी, फारूक अंसारी, इलियास अंसारी, साजिद हुसैन, वीरेंद्र यादव, विनोद यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मो जहांगीर ने संतोष गुप्ता को शिक्षकों को संपुष्टि करने पर दी बधाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद जहांगीर अंसारी ने प्रेस जारी करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग श संतोष गुप्ता को शिक्षकों के सेवा संपुष्टि करने पर बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही शेष प्रखंड के शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का कार्य संपन्न किया जाएगा । श्री अंसारी ने कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक से बात करने पर उन्होंने कहा कि अब तक शिक्षकों के जितने भी कार्य लंबित हैं उन सभी को पूर्ण किया जाएगा और शिक्षकों के प्रोन्नति की दिशा में यथा शीघ्र कार्य प्रारंभ की जाएगी । उन्होंने कहा कि शिक्षकों की प्रोन्नति मेरी प्राथमिकता में शामिल है और यह शिक्षकों का मौलिक अधिकार है। उन्होंने आश्वस्त किया की गुणवत्त शिक्षा और शिक्षकों की समस्या का निदान मेरी प्राथमिकता में शामिल है।

APEM
LIVE

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित है सतगावां : धर्मेंद्र यादव

**अपेम लाइव : संतगांवा**



धर्मेंद्र यादव

झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड सचिव धर्मेंद्र यादव ने कोडरमा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आपके योजना ,आपके सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में लिखित आवेदन देकर कानीकेंद, मीरगंज, माधोपुर, मरचोई मोहनपुर राजावर रोड तथा अंबाबाद पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतोडीह प्राथमिक विद्यालय अंबाबाद तक 10 वर्षो से रोड जर्जर है इसके साथ ही साथ सतगावां जिला मुख्यालय रोड ढाब से लेकर सतगावां भी इसी तरह की समस्या बनी हुई है इसे जल्द से जल्द कार्य करवाने की आग्रह की है तथा सतगांवा प्रखंड की बिजली समस्या छुई मुई थोड़ी सी हवा या बारिश होने से प्रखंड में घंटो घंटो तक बिजली गायब हो जाती है इसे लेकर जिला मुख्यालय से सतगावां पीएसएस तक फाइबर कोटेड वायर या अंडरग्राउंड वायरिंग घाटी में किया जाए जिससे कि यहां की बिजली की समस्या दूर हो सके यह एक अटल समस्या बनी हुई है एवं प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को लेकर एक डॉक्टर के भरोसे पूरे प्रखंड की जनता आश्रित है इन्हें कभी छुट्टी पर जाने से प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही बड़ी समस्या बन जाती है तथा शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था को अभिलंब सुधार हेतु आग्रह की है एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं महत्वकांक्षी योजना में बैंकों के द्वारा केसीसी या लोन लेने में प्रखंड अंतर्गत बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है जिसकी वजह से प्रखंड अंतर्गत बैंकों में बिचौलियों हावी है आम जनमानस सरकारी योजनाओं को बैंकों के द्वारा लाभ लेने से वंचित हैं किसी भी बैंक संबंधित लाभ लेने हेतु बिचौलियों को पकड़ना पड़ता है नहीं तो बैंकों के चक्कर लगाते लगाते आम गरीब जनता छोड़ देते हैं। दूसरी ओर वहीं पहाड़ सिंह खैरा गांव में रोड एवं नाली की समस्या 50 वर्षो से बनी हुई है जो आज तक नहीं बनी है और वर्षो से झेल रहे हैं । इन सारी असुविधाओं को अवगत कराते हुए यह भी कहा गया कि प्रखंड अंतर्गत इन सारी असुविधाओं से प्रखंड में विकास नहीं झलक रही है तथा सारे मुद्दों को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड अंतर्गत हो रहे असुविधा को दूर करने की अविलंब मांग की है।

## बेसहारा बुजुर्ग का आशियाना है बदहाल कच्चा मकान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रधानमंत्री आवास का उद्देश्य देश के गरीब और बेसहारा लोगों को मकान देना है। इसके बावजूद आज भी ऐसे गरीब और मजदूर लोग देखने को मिल जाते है जो टूटे - फूटे कच्चे मकानों में रहने को विवश है। इसी क्रम में केदारूत पंचायत के खैरोन निवासी गोविंद यादव उम्र लगभग 60 वर्ष को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। इनका मकान पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। हालत यह है की कभी भी बड़ी हादसा हो सकता है। इन्होंने आवास के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कई बार कहा परंतु आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।






## कोरियाडीह छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार एवं मुखिया राजेंद्र प्रसाद बने संरक्षक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल मुखिया एवं अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह में बुधवार को मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा के अध्यक्षता में छठ पूजा को लेकर बैठक किया गया। बैठक में छठ पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे संरक्षक मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष किशोर कुमार, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, उपकोषाध्यक्ष मनोज कुमार के रूप में चयन किया गया। वहीं सदस्य के रूप में महेन्द्र कुमार, बीरेंद्र कुमार, मोहन प्रसाद, संजय प्रसाद, विजय प्रसाद,सुरेश प्रसाद, विनय प्रसाद, मंटू प्रसाद, देवनाथ प्रसाद, सतीश प्रसाद, संदीप प्रसाद, रवि प्रसाद, संतोष प्रसाद, दिनेश प्रसाद, महेंद्र प्रसाद , राजकुमार महतो एवं दिनेश प्रसाद शामिल किया गया। मौके पर दामोदर प्रसाद बर्मा,नरेश कुमार, नागेश्वर प्रसाद,मनोज कुमार, सतीश कुमार, महेश कुमार, निर्मल प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, अनिल कुमार, मोहन प्रसाद, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे।।

## कांग्रेस के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को कांग्रेसियों ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


दीपक गुप्ता


डॉ निजामउद्दीन


भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी एवं जिला सचिव ओबीसी दीपक गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विगत 17 अक्टूबर 2022 को हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मतदान में राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मल्लिका अर्जुन खड़के के निर्वाचित होने पर बधाई दिया है । ड०क्टर अंसारी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जो क०न्ग्रेस के बारे में हमेशा दुष्प्रचार करती रही कि कांग्रेस गांधी परिवार की जेबी संस्था है , इस चुनाव से भारतीय जनता पार्टी को जवाब मिल गया होगा कि कांग्रेस ही है खुद भारतीय जनता पार्टी एक बार भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव इस तरह के मतदान के द्वारा नहीं करवाया और कांग्रेस पर को झूठा आरोप जनता के बीच लगाती रही। डॉक्टर अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मलिकार्जुन खड़के जो एक दलित परिवार से आते हैं एक बूथ स्तर से राजनीति करते हुए आज उन्हें कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मतदान के द्वारा निर्वाचित होने का उन्हें गौरव प्राप्त हुआ है। डॉक्टर अंसारी ने कहा कि इनके निर्वाचन से देश में कांग्रेस बहुत तेजी से मजबूत होगी और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जनता का विश्वास जीतने में कामयाब होगी । बधाई देने वालों में जिला महासचिव विनोद कुमार यादव , जिला सचिव दीपक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा के छट्ठु गोप ,विधानसभा के प्रखंड प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी 20, सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा , कुणाल कटरियार, शुशील कुमार, रिजवान अली, वारिस अंसारी, मो शरीफ, मो गुलजार, महिला मोर्चा के मीणा देवी, रघुवीर यादव, मनोज सिंह असरफ अली, अशोक सिंह आदि शामिल है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल कमांडेंट ने किया योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित करते मनीष जैन

आर्मी 45 झारखंड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर कोडरमा, हजारीबाग एनसीसी ग्रुप ने 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2022 तक सैनिक स्कूल तिलैया डैम में राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चला । जिसमें बरही के योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ( जिला सोशल मीडिया प्रभारी) ने एनसीसी के जवानों को स्वस्थ करने हेतु योगा का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा को लेफ्टिनेंट कर्नल कमांडेंट के द्वारा सैनिक स्कूल में सम्मानित किया गया। इनके द्वारा दिया गया योग प्रशिक्षण से प्रभावित होकर आर्मी के 45 झारखंड वाहिनी एनसीसी, कोडरमा, हजारीबाग के लेफ्टिनेंट कर्नल कमांडेंट मनीष जैन ने बरही के योगाचार्य कुमार मिश्रा को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा को इस अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा भी किए।




## आपकी योजना – आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुँचें सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### करोड़ो रूपये के लागत से बनने वाले योजनाओं का किया शिलान्यास

### विकास की पथ पर आगे बढ़ रहा है झारखण्ड : मुख्यमंत्री









**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

चतरा/कान्हाचट्टी : राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ राज्य के ऊर्जावान मंत्री सत्यानन्द भोगता आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने चतरा के एकलौता जवाहरलाल नहरु स्टेडियम चतरा पहुँचे। माननीय मुख्यमंत्री श्री सोरेन को हेलीपैड स्थल पर जिला प्रशासन की ओर से गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत यशस्वी मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सावित्री एप का लोकार्पण किया। एप के जरिए किशोरियां सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन और आवेदन की स्थिति की जानकारी ले सकेंगी।कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।आम आवाम को सम्बोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि झारखण्ड में तेजी से विकास का काम चल रहा है।हमारा विकास देखकर विपक्षी विचलित हो जा रहे हैं।कार्यक्रम को स्थानीय विधायक सह सूबे के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विधायक उमाशंकर अकेला यादव , विधायक सुश्री अंबा प्रसाद, जिप अध्यक्ष ममता देवी जिला अध्यक्ष राजद नवल किशोर यादव बीस सुत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी नगर अध्यक्ष गुंजा देवी नगर परिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश ,उपायुक्त अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन समेत अन्य मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कांडतरी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत ग्राम सभा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अपर समाहर्ता राकेश रोशन, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे, उप प्रमुख बचन देव कुमार एवं मुखिया पारसनाथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कई वृद्ध जनों को शिविर में ही वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र दिया । साथ ही, जेएसएलपीएस के द्वारा कई महिला समूह के बीच आत्मनिर्भर बनने के लिए परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहकारिता (पैक्स सदस्य निबंधन), कल्याण विभाग, सांख्यिकी जन्म-मृत्यु नि. बंधन, राजस्व विभाग, सर्वजन पेंशन, स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग इत्यादि का स्टॉल लगाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता राकेश रोशन, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो, उप मुखिया राजदेव महतो, रवि रंजन, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, झम्मन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे, समन्वयक रिंकू रवि, आशीष कुमार पासवान,भास्कर राज, प्रकाश कुमार, लालदेव महतो, भवानी दांगी, खेमलाल राम, रविकांत महतो, ओमप्रकाश कुमार, सुरेश महतो, योगेंद्र महतो, कुलदीप राणा, राजू राम, सुखमणि देवी, अजीत कुमार के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चेड्रा के शिविर में लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

### 376 में 162 आवेदन की हुई ऑन स्पॉट स्वीकृति

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




चेडरा में आयोजित शिविर का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि समेत अन्य

राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को चेडरा पंचायत भवन परिसर में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिप सदस्य दीपिका कुमारी, प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, मुखिया निर्मल कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, बीडीओ संजय कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, एमओआईसी डॉ अरूण कुमार सिंह, एमओ आलोक कुमार, पंसस मुन्नी देवी, बीस सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में आपूर्ति, मनरेगा, बाल विकास, जेएसएलपीएस, बिजली, स्वास्थ्य, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहकारिता, पेंशन, राजस्व, आवास समेत कई विभागों के स्टॉल में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को रखा। इसके निदान के बाबत लगे स्टॉल में ग्रामीण उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेते देखे गए। शिविर में कई योजनाओं की ऑन स्पॉट मंजूरी दी गई। शिविर में कुल 376 आवेदन प्राप्त किए गए। जिनमें 162 लाभुकों को तत्काल योजनाओं से आच्छादित कराया गया। वहीं, 214 लाभुकों के आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित रखे गए। जिन्हें बाद में जांचोपरांत निष्पादित किया जाएगा। शिविर में बीडीओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के बाबत लोगों को जानकारियां दी। लोगों से इसका लाभ लेने की बात कही। मौके पर उपमुखिया रीना बर्मन, वार्ड सदस्य किरण देवी, पुरनी देवी, जगदीश साव, अरविंद लाहकार, पिंकी सिन्हा, पूनम देवी, रीता देवी, सुनीता देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## सियरकोनी में बहेगी ज्ञान विज्ञान और अध्यात्म की गंगा, इस्कॉन को दान में मिला दो एकड़ जमीन

### संजय सिंह के परिजनों ने पेश किया अनूठा मिशाल, मंदिर, गुरुकुल, गोशाला आदि का केंद्र बनेगा क्षेत्र





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

सफलता मिलने के बाद आमतौर पर लोग अपने परिवार तक सिमट जाते हैं। पर कुछ लोग होते हैं जो समग्र समाज की सोचते हैं। ऐसे ही सोच की परिकल्पना संभाले इतिहास बनाने के लिए सियरकोनी में सिंह परिवार ने अनुठा दान दिया है। क्षेत्र में संस्कार, आत्मनिर्भर और धर्म के साथ ज्ञान विज्ञान का विस्. तार करने के लिए इस्कान की टीम को अभी दो एकड जमीन संजय सिंह और उनके परिवार ने दान दी। जीटी रोड सियरकोनी घाटी की पहचान अब बदलने वाली है। दरअसल अब वहां श्रीकृष्ण की आराधना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर भारत का लोहा पूरे विश्व में मनाने वाले संस्थान इस्कान की टीम काम करेगी। यहां अभी गुरुकुल, मंदिर, गौशाला तथा कृषि कार्य होंगे। गुरूकुल में वैदिक रीति रिवाज से प्राचीन परंपरा के आधार पर बच्चों को शिक्षा दी जायेगी। सियरकोनी में मंदिर बनेगा और खेती के परंपरागत तरीके को किसानों को सीखाया जायेगा। नेचरोपैथी विधि से इलाज की जायेगी। शुक्रवार को खुटाम, सिल्ली इस्कान से डॉ केश्वानंद, डॉ सरिता यादव, डॉ राजेश सिंह, डॉ प्रभाकर, अभयानंद प्रभु, विश्वनाथ प्रभु, जगेश्वर प्रभु, परमेश्वर प्रभु, अलंकृत त्रिपाठी,सभी ब्रह्मचारी, आईआईटीएन और आध्यात्मिक गुरु जनों ने स्थानीय प्रबुद्ध जनों संजय सिंह के परिजनों के साथ तिरुपति के आचार्य श्रीनिवासन, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, मुखिया बिनोद सिंह,रामचंद्र सिंह, आशीष सिंह, आनंद चंद्रवंशी, दिलीप राणा, प्रभात सिंह आदि के साथ मिलकर सबसे मुख्य योगदान दे रहे अभिषेक सिंह के साथ संकीर्तण से इसकी शुरुआत की। इस बात की जानकारी देते हुए भुदाता परिवार के संजय सिंह तथा अभिषेक सिंह ने बताया कि सफाई का काम चल रहा है। अभी शुरुवाती दौर में गौशाला, मंदिर और कृषि कार्य किये जायेंगे। अब सियरकोनी की पहचान बदलने वाली है। ज्ञान की गंगा, विज्ञान के साथ, आध्यात्म की शरण में, योग्य गुरु जनों की संगति में प्राचीन परंपरा गुरुकुल पद्धति पर बहेगी। सब कुछ निश्शुल्क आरंभ होगा। मौके पर राम सिंह, विकास सिंह, धीरज सिंह, बिजय सिंह, अशोक सिंह, बिनोद सिंह, रंजीत केशरी, संजय चंद्रवंशी, पंकज सिंह समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।




## जरूरतमंदों के लिए वरदान है : रविंद्र शांडिल्य





**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखंड के अंतर्गत आपकी योजना आपके सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम का आज सातवां दिन मरचोई पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही कार्यक्रम का शुभारंभ सतगावां प्रखंड विकास सह अंचल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, पूर्व प्रमुख ललिता देवी, मुखिया उत्तम कुमार, पंचायत समिति अनुराधा कुमारी जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारुक रविंद्र शांडिल्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा एवं गणेश राय झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सतगावां उपस्थित हुए श्री शांडिल्य ने कहा कि मरचोई पंचायत में सबसे अधिक आवेदन अन्य पंचायतों की अपेक्षा अधिक रही है यहां लगभग 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं और यह कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य सरकार द्वारा आमजनों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना,बाबा भीमराव अम्बेडकर आवास योजना,सर्वजन पेंशन योजना ,के तहत सभी को पेशन योजना के बारे में लोगों को बताया।वही जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारुकी ने ईपोटल से छात्रों एवं मजदूरों को जुड़ने को बोले और सरकार से मिलने वाले लाभ को बताया।वही प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विजयशंकर ने राशन से छूटे लोग जोड़ने की बात बताये।वैसे व्यक्ति जो सरकार के पेंशन या आयकर विभाग से लाभ लेने को लेकर राशन कार्ड सरेंडर करने की बात भी बताएं सतगावां प्रमुख ललिता देवी ने सभी लोगों को जिनके आवास नहीं है वैसे व्यक्ति को जांच कर उन लोगों को आवास या किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है तो सरकार की योजना से उनको लाभ देने की बात को बतायी। वहीं मरचोई पंचायत का मुखिया उत्तम कुमार ने सभी लोगों को पेंशन योजना, आवास योजना, राशन कार्ड जोड़ना यादि सरकारी योजना को लाभ देने को बताया ।वही मौके पर सभी लोगों ने मुख्यमंत्री के द्वारा चतरा में हो रहे कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा।वही इस मौके पर प्रखंड संख्यिकी एवं कल्याण पदाधिकारी राजो पासवान, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विजय शंकर,बीसीओ राजू रजक, वार्ड सदस्य काली देवी रामवतार चौधरी, पंचायत सचिव बालेश्वर यादव ,राम विलास सिंह मनोज मिस्त्री, कामेश्वर राम गिरीश सिंह, हृदेव नारायण सिंह सहित सैकड़ों जरूरतमंद ग्रामीण उपस्थित हुए एवं अपने आवेदन जमा किए।

## मल्लिकार्जुन खड़गे का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को मिलेगी मजबूती : विकास यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



विकास यादव

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद से लगातार पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की तरह से बधाई मिल रहा है। 24 वर्ष गाँधी परिवार से हटकर कांग्रेस पद पर अध्यक्ष पद पर खगड़े चुन कर आये। चौपारण प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि खगड़े की जीत लोकतंत्र की जीत है। कहा खगड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कांग्रेस पार्टी को और मजबूती मिलेगी। खगड़े पार्टी के पुराने व अनुभवी नेता है जिसका लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा और देश मे एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में केवल कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश को बचा सकती है। भाजपा जैसे दल केवल नफरत फैलाकर सत्ता मे आना जानते हैं परंतु सत्ता में आने और देश चलाने मे फर्क है। विकास ने कहा की आने वाले दिनों में हम सब मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कांग्रेस पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को प्रचंड जीत दिलाया जा सके।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मिठाई खिलाकर दी एक दूसरे को बधाई

### कांग्रेस पार्टी का पुनरुद्धार आज से शुरू हो रहा है : विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते कांग्रेसी

मलिकार्जुन खरगे देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। इस खुशी के मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोनरा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़के का लंबी उम्र की कामना करते हुए ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। मौके पर जिला महासचिव विनोद यादव ने कहा लंबी जद्दोजहद उठापटक के बाद आखिरकार आज कांग्रेस को नए अध्यक्ष अनुभवी और योग्य व्यक्ति के रूप में खड़गे मिल गए हैं। मुझे आशा है कांग्रेस के सिपाहियों में नई ऊर्जा का संचार होगा । कांग्रेस फिर से अपने पुराने लय में वापस लौटेगी । अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी । केंद्र में कांग्रेस का सरकार होगा। बधाई देने वालों में कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, जिला युवा महासचिव रवि सिंह, युवा प्रदेश महासचिव मुकेश कुमार, युवा महासचिव पप्पू यादव, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ,बरही प्रखंड युवा अध्यक्ष अमित जयसवाल, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष जमुना यादव, विधानसभा विधायक प्रति. निधि छठू गोप ,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, 20 सूत्री सदस्य मीना देवी ,मंजीत यादव, प्रयाग प्रसाद, अनिल यादव ,अरुण यादव ,मोहम्मद हुमायूं, मोहम्मद मुस्ताक आदि शामिल हैं।

## डीवीसी आवास को लीज पर देने का किया विरोध

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति ने डीवीसी के आवास को लीज पर देने पर आपत्ति करते हुए विरोध जताया है। इसे लेकर समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल तथा महासचिव उत्पल चक्रवर्ती ने डीवीसी मेंबर सेक्रेटरी को पत्र लिखा है। कहा है कि डीवीसी परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों के अलावा किसी अन्य को आवास लीज पर देना घोर अन्याय है। कहा है कि डीवीसी की परियोजनाओं के निर्माण के समय बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी पैतृक भूमि एवं आवास को खोया है। ऐसे में विस्थापितों को वंचित कर किसी अन्य को आवास लीज पर देना न्यायपूर्ण निर्णय नहीं है। यदि प्रबंधन ऐसा करती है तो विस्थापितों की भावना आहत होगी और इसका जोरदार विरोध होगा। कहा कि विस्थापितों को 68 साल बीत जाने के बाद भी आज तक मालिकाना हक नहीं मिला है। जिससे उन्हें सरकार की संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। विस्थापित बिजली, सड़क, पानी समेत मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे हैं। वहीं, लीज पर डीवीसी का आवास लेने वाले लोग डीवीसी का मुफ्त पानी व बिजली तक का उपभोग कर रहे हैं। विस्थापितों के लिए इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति कुछ नहीं हो सकती। बनासो के नावाटांड निवासी सुरेश राम ने कहा कि डीवीसी यदि आवास को लीज पर देती है तो इसका पहला हक विस्थापितों का बनता है। यदि विस्थापितों को आवास उपलब्ध नहीं कराया गया तो डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ पूरजोर आंदोलन किया जाएगा।

## जाम के चंगुल में फसा बड़कागांव, कब मिलेंगे लोगो को निजात

### दुकान के आगे बाइक एवं चार चक्के वाहन खडा करना एवं भारी वाहनों का प्रवेश जाम का मुख्य कारण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : मुख्य चौक पर रोजाना राहगीर जाम का सामना करने को मजबूर है । बार–बार सड़क जाम हो जाने के कारण लोगों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जाम में एंबुलेंस को जाम में फंस जाने के कारण सबसे ज्यादा परेशानियों का करना पड़ रहा है। बड़कागांव मुख्य चौक पर जाम समस्या का मुख्य कारण दुकान के आगे मोटरसाईकिल खडा करना है। बाइक एवं चार चक्के का रोड किनारे खड़ा करना तथा भारी सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश के कारण बार–बार सड़क जाम हो रही है। कभी–कभी 1 घंटे घंटों तक की भी जाम देखी जा रही है अलावा तथा दोपहर में कंपनी के कार्यरत वर्करो को लाने–ले जाने में एक साथ 8–10 बसों का आवागमन से मुख्य चौक में जाम लग जाती है फल विक्रेता सह क०ंग्रेस जिला महासचिव पंकज गुप्ता ने दुकानदारों से अपील की कि दुकान के आगे मोटरसाइकिल व गाड़ी ना खड़ा करें तथा वहीं बड़कागांव पुलिस प्रशासन से जाम हटाने के लिए विशेष पहल करने की अपील की।

## एस.एस.वाई.सी मलकोको द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हाईस्कूल बरियठा ने डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल को हराया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एस. एस. वाई. सी मलकोको द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में आज हाईस्कूल बरियठा का मुकाबला डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल से हुई। ट०स जीतकर हाई स्कूल बरियठा की टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। डॉ भीमराव की पूरी टीम निर्धारित 10 ओवर में 64 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाई स्कूल बरियाठ की टीम ने 8.4 ओवर में आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। ऋतिक कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 14 रन देकर 6 विकेट लिया।

